NEWS CLIPPING: 04.05.2017

HINDUSTAN

पढ़ाई के दौरान छात्रों को काम का अनुभव मिलेगा

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग और प्रबंधन के क्षेत्र में बेहतर सेवा मुहैया कराएगा। इसके लिए महेंद्रा टेलीफोनिक्स इंटीग्रेटिड सिस्टम लिमिटेड से बुधवार को समझौता किया है। यहां पढ़ाई करने वाले छात्रों को उद्योग के क्षेत्र में अनुभव और रोजगार मुहैया कराएंगे।

इस मौके पर महेन्द्रा टेलीफोनिक्स की ओर से मुख्य ऑपरेशन अभिजीत राय व प्रबंधक आशुतोष द्विवेदी तथा विश्वविद्यालय की ओर से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनीष वशिष्ट और संकायाध्यक्ष अकादमिक कार्य डॉ. विक्रम सिंह भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि उच्चतर शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इस फैसले के बाद छात्रों के व्यक्तित्व में निखार आएगा। इस समझौते के माध्यम से छात्रों को ट्रेनिंग, प्लेसमेंट तथा उद्योग के साथ संबंध बनाने का मौका मिलेगा। यह एक सराहनीय प्रयास है।

समझौता

- दो कंपनियों से वाईएमसीए में समझौता किया गया
- छात्रों को उद्योग के क्षेत्र में रोजगार मुहैया कराए जाएंगे

NEWS CLIPPING: 04.05.2017

DAINIK JAGRAN

छात्रों की रोजगार के अनुरूप होगी तैयारी

जासं, फरीदाबाद : इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को रोजगार के अनुरूप तैयार करने के लिए वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने महेंद्रा टेलीफोनिक्स के साथ समझौता किया है। बुधवार को दोनों पक्षों के बीच कुलपति डॉ .दिनेश कुमार के उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। महेन्द्रा टेलीफोनिक्स की ओर से हेड ऑपरेशन्स अभिजीत राय, मैनेजर आशुतोष द्विवेदी और विश्वविद्यालय की ओर से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ .मनीष ने समझौते पर हस्ताक्षर किया। कुलपति डॉ .दिनेश कुमार ने कहा कि उद्योगों को रोजगार के लिए पूरी तरह से तैयार विद्यार्थियों की आवश्यकता रहती है और यह तभी संभव है जब विद्यार्थी औद्योगिक जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षित हो, जिसके लिए विद्यार्थियों को तकनीकी मांग के अनुरूप अपने कार्य कौशल में सुधार लाने की आवश्यकता है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि इस समझौते का लाभ विद्यार्थियों का जरूर मिलेगा।

YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 04.05.2017

AMAR UJALA

वाईएमसीए : प्रशिक्षण मिलने में होगी आसानी

फरीदाबाद (ब्यूरो)। इंजीनियरिंग में रोजगार के लिए योग्य व कुशल कार्यबल विकसित करने के लिए वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने महिंद्रा टेलीफोनिक्स इंटिग्रेटिड सिस्टम लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत विद्यार्थियों को रोजगार के लिए जरूरी प्रशिक्षण सुविधाएं मिल सकेंगी। दोनों पक्षों के बीच कुलपति दिनेश कुमार ने समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान महिंद्रा टेलीफोनिक्स की ओर से हेड ऑपरेशंस अभिजीत राय, प्रबंधक आशुतोष द्विवेदी मौजूद थे।

HARI BHOOMI

खबर संक्षेप

उद्योगों में कार्य का अनुभव देने के लिए समझौता

चंडीगढ़। इंजीनियरिंग और प्रबंधन के क्षेत्र में रोजगार के लिए योग्य तथा कुशल कार्यबल विकसित करने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद ने विद्यार्थियों को उद्योगों में कार्य का अनुभव देने तथा रोजगार के लिए जरूरी प्रशिक्षण सुविधाएं देने के लिए महेन्द्रा टेलीफोनिक्स इंटिग्रेटिड सिस्टम लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है।

दोनों पक्षों के बीच कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। महेन्द्रा टेलीफोनिक्स की ओर से हेड ऑपरेशन्स अभिजीत राय व मैनेजर आशुतोष द्विवेदी तथा विश्वविद्यालय की ओर से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनीष वशिष्ट ने समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष अकादमिक कार्य डॉ. विक्रम सिंह भी उपस्थित थे।

THE PIONEER

Short Stories

YMCA varsity signs MoU

CHANDIGARH: With the objective to develop qualified and employment ready skilled manpower in the areas of Engineering and Management, the YMCA University of Science and Technology, Faridabad has signed a Memorandum of Understanding (MoU) with Mahindra Telephonics Integrated Systems Limited to provide industrial exposure to the students and impart skill based training necessary for employment. The MoU was signed in the presence of Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar by Abhijit Roy, Head-operations and Ashutosh Dwivedi, Manager on behalf of the Mahindra Telephonics and Munish Vashisht, Chairman, Dept of Electronics Engine. DP